# भगवान जगन्नाथ के मंदिर में मुख्यमंत्री साय ने निभाई छेरा पहरा की रस्म, रथ यात्रा में हुए शामिल

रायपुर । आरएनएस





छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार को रथयात्रा धूमधाम से मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथ यात्रा निकाली गई है। रथ यात्रा शुरू करने से पहले भगवान की प्रतिमा को रथ तक लाया गया और रास्ते को सोने के झाड़ू से साफ भी किया गया । इस रस्म को छेरापहरा रस्म कहा जाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी प्रदेशवासियों को रथयात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है।

सीएम साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से बारिश होती है। उन्हीं की कृपा से धान की बालियों में दूध भरता है। और उन्हीं की कृपा से किसानों के घर समृद्धि आती है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस साल भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी प्रार्थना है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर करें।

**मुख्यमंत्री ने सोने के झाड़ू से छेरा पहरा की रस्म निभाई**

राजधानी रायपुर के गायत्री मंदिर में पुरी के जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर पुरानी परंपरा निभाई जाती है। मुख्यमंत्री ने छेरापहरा की रस्म पूरी कर सोने की झाड़ू से बुहारी लगाकर रथ यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रभु जगन्नाथ की प्रतिमा को रथ तक लेकर गए।

**ओडिशा के तर्ज पर होती है छत्तीसगढ़ में रथ यात्रा**

रथ यात्रा के लिए भारत में ओडिशा राज्य को जाना जाता है। ओडिशा का पड़ोसी राज्य होने के नाते छत्तीसगढ़ में भी इसका काफी बड़ा प्रभाव है। आज निकाली गई रथयात्रा में प्रभु जगन्नाथ, भैया बलदाऊ और बहन सुभद्रा की खास अंदाज में पूजा-अर्चना की गई। जगन्नाथ मंदिर के पुजारी के अनुसार उत्कल संस्कृति और दक्षिण कोसल की संस्कृति के बीच की यह एक अटूट साझेदारी है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान छत्तीसगढ़ का शिवरीनारायण-तीर्थ है, यहीं से वे जगन्नाथपुरी जाकर स्थापित हुए। शिवरीनारायण में ही त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के मीठे बेरों को ग्रहण किया था। यहां वर्तमान में नर-नारायण का मंदिर स्थापित है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### होटल में मिली युवती की लाश

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के होटल बेबीलॉन इन में एक युवती की लाश मिलने से हडक़ंप मच गया है। बता दें कि युवती की लाश कमरा नंबर 416 में मिली है। इसी के साथ ही युवती के ब्वॉयफ्रेंड का शव उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास मिला। युवक-युवती की लाश मिलने से हडक़ंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवती की रायपुर के सरस्वती नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। दोनों मृतक अंबिकापुर के रहने वाले थे। मृतक युवती का नाम वाणी गोयल बताया जा रहा है, जोकि कल से लापता थी। फोन बंद होने पर घर वालों ने रायपुर के सरस्वती नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को युवती की लोकेशन मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन होटल मैनेजर ने रूम नहीं खोलने दिया। इसके बाद आज फिर पुलिस की टीम आई और रूम खोला तो कमरे में युवती की लाश मिली। इसी के साथ ही युवती के ब्वॉयफ्रेंड विशाल का शव देर रात उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास मिला। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### खाद्य मंत्री बघेल ने नवागढ़ में जैतखाम निर्माण कार्य के लिए किया भूमि पूजन

**रायपुर (आरएनएस)।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के नवागढ़ में अनुसूचित जाति प्राधिकरण मद से 99 लाख 31 हजार की लागत से निर्मित हाने वाली जैतखाम का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने समाज को एकता, भाईचारे, तथा समरसता का संदेश दिया है। बाबा के आदर्शो पर चलने का प्रेरणा मिलती है। बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज में ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने का प्रयास किया। गिरौदपुरी धाम में कुतुबमीनार से ऊंचा जैतखाम भी बनाया गया है। सतनामी समाज द्वारा नवागढ़ के सतनाम मंगल भवन में गुरु असम दास जी तेलासपुरी धाम खपरीडीह खुर्द के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ की अध्यक्ष मंजूलता अजीत रात्रे, अध्यक्ष नगर पंचायत मारो घनलाल देशलहरे, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, गिरजा कुर्रे, ताराचंद जांगड़े, हेमलाल धृतलहरे जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### नेता प्रतिपक्ष व सांसद 8 व 9 को कोरबा में जुराली में पीड़ित परिवार से भी मिलेंगे

**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा से दूसरी बार निर्वाचित सांसद ज्योत्सना महंत 8 जुलाई की शाम कोरबा पहुंचकर कार्यकर्ताओं व आमजनों से सांसद निवास में मुलाकात करेंगे। पीसीसी के संयुक्त महासचिव हरीश परसाई ने बताया कि अगले दिन 9 जुलाई को प्रात: स्थानीयजनों से भेंट कर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुराली के डिपरापारा के कुएं में 4 ग्रामीणों की मौत के दु:खद हादसे पर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाने उनके निवास पहुंचेंगे।

### डॉ. मुखर्जी शुरू से धारा 370 के विरोधी थे: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर में संकल्प फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित भारतमाता की सामूहिक आरती एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू थी, जिसके तहत वहां अलग से दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का प्रावधान था। धारा 370 के कारण वहां केंद्र के कई प्रावधान लागू नहीं होते थे। अन्य राज्यों के लोग वहां जमीन नहीं खरीद सकते थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शुरू से धारा 370 के विरोधी थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 को समाप्त किया गया।

# किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता तथा बालक कल्याण समिति में अध्यक्ष एवं सदस्यों के लिए 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

सारंगढ़ बिलाईगढ़

जिले के किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता तथा बालक कल्याण समिति में अध्यक्ष एवं सदस्यों के चयन करने के लिए योग्य उम्मीदवारों से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग ब्लॉक 1, द्वितीय तल इंद्रावती भवन अटल नगर नया रायपुर छत्तीसगढ़ पिन कोड 492002 के पते पर 15 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र 15 जुलाई 2024 की शाम 5:30 बजे तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्राप्त हो जानी चाहिए। इसके बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन या सीजीडबल्यूसीडी डॉट जीओवी डॉट इन से संपर्क कर सकते हैं।

प्रति बैठक में शासन द्वारा निर्धारित मानदेय रु.2000 दिया जाएगा। राज्य बाल संरक्षण छत्तीसगढ़ अंतर्गत किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता तथा बालक कल्याण समिति में समितियां की पूर्ति हेतु अध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन कर समिति का गठन पुनर्गठन किया जाना है।

**बालक कल्याण समिति के रिक्त पद और योग्यता-** बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष तथा सदस्य की रिक्ति जिन जिलों में है, उन जिलों में गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, भरतपुर मनेंद्रगढ़ चिरमिरी शामिल है। इनके अलावा दंतेवाड़ा, कोंडागांव और महासमुंद में सदस्य के पद रिक्त हैं। सुकमा में केवल अध्यक्ष के पद रिक्त हैं। योग्यता अंतर्गत बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्य के लिए उम्र 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य होना चाहिए। उनके पास बालमनोविज्ञान या मनोचिकित्सा या कानून या सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र या मानव स्वास्थ्य या शिक्षा या मानव विकास या दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षा में डिग्री होना चाहिए और जिनके पास बालको से संबंधित स्वास्थ्य, शिक्षा या कल्याण गतिविधियों 7 वर्ष का अनुभव हो या जो बाल मनोविज्ञान या मनोचिकित्सा या कानून या सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र या मानव विकास या दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षा में डिग्री के साथ व्यवसायरत व्यक्ति होना चाहिए।

**किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ता के रिक्त पद और योग्यता-** गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, भरतपुर मनेंद्रगढ़ चिरमिरी, रायपुर और सुकमा में किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ता के पद रिक्त हैं। योग्यता अंतर्गत किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ता की न्यूनतम आयु 35 वर्ष और अधिकतम आयु 65 वर्ष होनी चाहिए। इनके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य या कल्याण कार्यकलापो में बालकों के साथ कार्य करने का काम से कम 7 वर्ष का अनुभव होना चाहिए या वह बाल मनोविज्ञान या मनोचिकित्सा या समाज विज्ञान या विधि क्षेत्र में डिग्री प्राप्त व्यवसायरत व्यक्ति होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री को डॉ पंकज द्विवेदी ने भेंट की अपनी स्वरचित किताब द पॉसिबिलिटी

**मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी**

रायपुर । आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में रायपुर के होराइजन हॉस्पिटल के संचालक डॉ पंकज द्विवेदी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को डॉ पंकज द्विवेदी ने अपनी स्वरचित किताब श्द पॉसिबिलिटीश् की प्रति भेंट की और इस पुस्तक की विशेषताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

डॉ पंकज ने बताया कि 'द पॉसिबिलिटी' का मुख्य उद्देश्य आत्मविश्वास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छूने और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर केंद्रित है। यह किताब व्यक्तिगत विकास और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डालती है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉक्टर पंकज द्विवेदी को उनकी किताब के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मकता से भरी किताब निश्चित रूप से पढऩे योग्य है और विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित होगी। इस अवसर पर डॉण् क्षितिज द्विवेदीए योगेश मिश्रा और हेमंत शर्मा भी उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय कलरिपयतु चैंपियनशिप 6 से 8 जुलाई तक कुसमुंडा में

**कोरबा (आरएनएस)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त तथा राष्ट्रीय खेल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं स्कूल गेम्स में शामिल कलरिपयतु खेल का तृतीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन आदर्श नगर सामुदायिक भवन, कुसमुंडा, कोरबा में 6 से 8 जुलाई को किया जाना है। 6 जुलाई को सभी खिलाडिय़ों का रजिस्ट्रेशन एवं मेडिकल जांच के उपरांत 7 जुलाई से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा विधानसभा क्षेत्र, विशेष अतिथि चंद्रमोहन पांडेय प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल कुसमुंडा, सुरेश क्रिस्टोफर सचिव कोरबा जिला ओलंपिक संघ, दीनू पटेल खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा, लखन कुमार साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलरिपयतु एसोसिएशन कमलेश देवांगन सचिव छत्तीसगढ़ कलरिपयतु एसोसिएशन, अनीस मेमन महासचिव छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन की उपस्थिति में सम्पन्न होगा समापन समारोह में राजीव सिंह महाप्रबंधक एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। महासचिव कमलेश देवांगन ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त सभी खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय कलरिपयतु चैंपियनशिप 2024, 9 से 11 अगस्त तक त्रिवेंद्रम, केरल में भाग लेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं 37 वी राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए किया जाए।

# जिले में शासकीय स्कूल के बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ सुबह मिलेगा नाश्ता

**- कोरबा जिला ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ का बना पहला जिला**

कोरबा । आरएनएस



राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मध्याह्न भोजन के साथ सरकारी या सहायता प्राप्त स्कूलों में बच्चों को नाश्ता मुहैया कराने का प्रावधान रखने का भी प्रस्ताव है। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर की गई इस शिक्षा नीति में कहा गया है, कि सुबह के समय पोषक नाश्ता मिलना अधिक मेहनत वाले विषयों की पढ़ाई में लाभकर हो सकता है। यह प्रस्ताव कोरबा जिले में क्रियान्वयन होने वाला छग राज्य का पहला जिला बनने जा रहा है।

कोरबा कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला के दौरान प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने इसकी घोषणा की है की जिले के शासकीय स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा सुबह पौष्टिक नाश्ता भी दिया जाएगा। इस विषय में कार्यशाला के दौरान ही कैबिनेट मंत्री ने जिला कलेक्टर को डीएमएफ फंड से शासकीय स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के लिए सुबह पौष्टिक नाश्ते की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। वहीं जिला कलेक्टर ने भी आगामी डीएमएम की बैठक में कार्ययोजना बनाकर कैबिनेट मंत्री की घोषणा का क्रियान्वयन करने की बात कही है।

कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन का मानना है की बच्चो को सीधे दोपहर में खाना मिलता है, जब वे सुबह भूखे पेट होंगे तब उनका मन भी पढ़ाई में नही लगेगा, इसलिए अब से उन्हें सुबह नाश्ता दिया जाएगा। क्योंकि भूखे पेट भजन न होवे गोपाला।

कोरबा जिला औद्योगिक क्षेत्र होने की वजह से यहां श्रमिक वर्ग की अधिकता है जो दिन भर कमाई कर अपने परिवार का जीवन यापन करते है ऐसे में कई घरों के बच्चे को सुबह नाश्ता भी नसीब नही होता। बेशक उन्हें स्कूल में दोपहर को खाना मिलता है, लेकिन सुबह से भूखा होने की वजह से उनका मन पढ़ाई में नही लगता और पढ़ाई में कमजोर होने पर वह स्कूल जाने से दूरी बना लेता है और एक दिन स्कूल की पढ़ाई बंद कर देता है। लेकिन अब सुबह पौष्टिक नाश्ता की योजना से उनको भूखा नही रहना पड़ेगा। सुबह पौष्टिक नाश्ता और दोपहर को खाना मिलने से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ेगा और उनकी रुचि पढ़ाई में बढ़ेगी।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से की मुलाकात

**-उपमुख्यमंत्री शर्मा ने गांधीनगर में स्वर्णिम संकुल-2 में टेक्नोलॉजी के प्रयोग का किया अध्ययन**

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान आज गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सीएम सचिवालय में मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से शुभकामनाएं और उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को करने के लिए छत्तीसगढ़ में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए तैयार जा रही महतारी सदन योजना की भी जानकारी दी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस योजना की सराहना की और इसे एक आदर्श पहल बताया। उन्होंने अपने अधिकारियों को इस योजना को गुजरात राज्य में लागू करने की संभावनाओं का अध्ययन करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूर्व में हुई मुलाकात में सीएम डैशबोर्ड के सबंध में हुई चर्चा एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार गुजरात राज्य के सीएम डैशबोर्ड का अवलोकन किया। स्वर्णिम संकुल 2, जनसंपर्क इकाई, मुख्यमंत्री सचिवालय में उन्होंने टेक्नोलॉजी के प्रयोग से विभिन्न आवेदनों के निगरानी व निराकरण प्रयोगों का अध्ययन किया। स्वर्णिम संकुल 2 में उपमुख्यमंत्री ने टेक्नोलॉजी आधारित निगरानी प्रणाली का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली को समझा। इस अवसर पर चिप्स (छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी) के सीईओ रितेश अग्रवाल और चिप्स की टेक्निकल टीम भी मौजूद थी। गुजरात की टीम ने उपमुख्यमंत्री को टेक्नोलॉजी आधारित निगरानी की कार्यप्रणाली और इसके प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने टेक्नोलॉजी के प्रयोग से आवेदनों के त्वरित और प्रभावी निराकरण की सराहना की। उन्होंने कहा, टेक्नोलॉजी का सही उपयोग प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्रणाली नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान में सहायक साबित होगी। गुजरात की टेक्नोलॉजी टीम ने बताया कि इस प्रणाली के माध्यम से आवेदनों की निगरानी और निराकरण की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है।

# छात्रावास आश्रम के बच्चों के चेकअप के लिए निजी डॉक्टरों से 10 जुलाई तक पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि के मद्देनजर आवेदकों को तुरंत भेजना होगा आवेदन

सारंगढ़ बिलाईगढ़



जिले में संचालित छात्रावास आश्रम में वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश किये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निजी प्रैक्टिशनरो जिनकी योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास आश्रम) के लिए 10 जुलाई 2024 तक पंजीकृत डाक से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पंजीकृत डाक रजिस्ट्री या स्पीड पोस्ट क़े डिलीवरी होने में दूरी क़े हिसाब से समय लगता है, ऐसे में 10 जुलाई अंतिम तिथि क़े मद्देनज़र आवेदकों को तुरंत ही आवेदन पंजीकृत डाक से भेजना होगा।

निजी प्रैक्टिशनरों चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास आश्रमों के छात्र छात्राओं के लिए चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपए प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास आश्रम के छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपए प्रति भ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास आश्रमों के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रावास आश्रम के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे।

इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पैड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय या मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज, संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र स्थाई या अस्थाई मोबाइल नंबर, वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता का प्रथम पृष्ठ (जहां फोटो चस्पा हो) की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में 10.07.2024 तक कार्यालय समय में पंजीकृत डाक से भेजा जाए। आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। नए अभ्यर्थी उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन कर सकेंगे। निजी चिकित्सकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय के द्वारा पात्रता के आधार पर किया जाएगा। चिकित्सकीय कार्य हेतु अनुबंध के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय कलेक्ट्रेट सारंगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU